हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 4 फरवरी 2026

06 चोरों ने एक मकान सहित आधा दर्जन दुकानों को ...



07 जश्ने उर्दू में शामिल हुए संजय ने कहा- सिरोंज...





## कुंभकरण के बाद मेघनाथ भी मारा गया, अब दस शीश वाले रावण की बारी

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

■ रावण दहन के दिन निगरानी करने पुलिस बल होगा तैनात।

शहर की प्राचीन श्रीरामलीला में धार्मिक आस्था, सनातन परंपरा और आधुनिक तकनीक का अनोखा संगम देखने को मिल रहा है। सोमवार को रामलीला मैदान में कुंभकरण वध की लीला का भव्य और जीवंत मंचन किया गया, जिसे देखने हजारों श्रद्धालु पहुंचे।

कुंभकरण वध की लीला को देखने प्रदेश सरकार के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल भी रामलीला मैदान पहुंचे। उन्होंने विदिशा की इस रामलीला को चलित रामलीला बताते हुए कहा कि इसकी पहचान न केवल प्रदेश बल्कि पूरे देश में है। मंत्री प्रहलाद पटेल ने कहा कि यह रामलीला 125 वर्षों की गौरवशाली परंपरा में प्रवेश कर चुकी है, जो विदिशा के लिए गर्व की बात है। जिस भूमि पर 125 वर्षों से रामकथा का मंचन हो रहा है, वह भूमि स्वतः ही पावन हो गई है। उन्होंने रामलीला को शुरू करने से लेकर आज तक सहयोग करने वाले सभी लोगों की सराहना की। 6 फरवरी को रावण दहन होगा।



विदिशा। रामलीला में मेघनाथ और लक्ष्मण के बीच हुआ घमासान युद्ध, देखने पहुंचे हजारों की संख्या में दर्शक।

### मस्तक लेने राम के पास पहुंची सुलोचना

मंगलवार को मेघनाथ का वध एवं सुलोचना सती की लीला हुई। कुम्भकरण की मृत्यु के बाद मेघनाथ क्रोध में आकर युद्ध के लिए रणभूमि में जाता है और श्री राम-लक्ष्मण एवं मेघनाथ के बीच घमासान युद्ध होगा। युद्ध के अंत में मेघनाथ श्रीराम लक्ष्मण को नागपाश में बांध देता है इससे पूरी बानर सेना स्तब्ध रह रह जाती है। देवतागण भी घबरा जाते हैं। तभी विष्णु भगवान के वाहन गरूड़जी आते हैं और नागपाश को काटेंगे व श्रीराम की स्तुति कर अपने धाम को वापस चले जाते हैं। इधर युद्ध में विजय प्राप्ति के लिए मेघनाथ यज्ञ करता है। तब हनुमान जी जाकर यज्ञ का विध्वंश कर देते हैं। यज्ञ सम्पन्न न होने पर मेघनाथ कोधित होकर सेना के साथ पुनः युद्ध के लिए आता है और हनुमान जी से युद्ध करता है। श्री लक्ष्मणजी श्रीराम से आज्ञा लेकर युद्ध के लिए रवाना होते हैं। लक्ष्मणजी व मेघनाथ के बीच भीषण युद्ध होता है। लक्ष्मण जी उसका वध करके उसकी भुजा को लंका में भेज देते हैं। जिससे पूरी लंका में शोक छा जाता है। सुलोचना अपने मृत पति का मस्तक लेने के लिए श्रीराम के शिविर में जाती है।

## खबर संक्षेप

### राज्य मंत्री कृष्णा गौर आज विदिशा आएंगी

**विदिशा।** राज्य मंत्री कृष्णा गौर आज भाजपा कार्यालय में पत्रकार वार्ता को संबोधित करेंगीं। जिला मीडिया प्रभारी देवेंद्र सिंह रघुवंशी ने बताया कि पत्रकार वार्ता दोपहर 2 बजे से होगी। इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी भी मौजूद रहेंगे।

### कैंपस प्लेसमेंट में 107 विद्यार्थियों का चयन

**विदिशा।** शासकीय एलबीएस कॉलेज सिरोंज में आईटीसी मिशन सुनहरा कल, प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन एवं कॉलेज प्रशासन के संयुक्त प्रयास से इकोसिस्टम प्रोग्राम और स्वामी विवेकानंद कैरियर गाइडेंस के अंतर्गत एक सफल कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। प्लेसमेंट ड्राइव में भोपाल, मंडीदीप, पीथमपुर एवं सानंद (गुजरात) के प्रमुख औद्योगिक क्षेत्रों से आई कुल 8 प्रतिष्ठित कंपनियों ने भाग लिया। इस अवसर पर कॉलेज के 260 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिनमें से 107 विद्यार्थियों का विभिन्न कंपनियों में चयन हुआ।

### युवा संगम में मिलेगा स्वरोजगार का मौका

**विदिशा।** युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग तथा एमएसएमई विभाग द्वारा 9 फरवरी को शासकीय आईटीआई परिसर विदिशा में 'युवा संगम' कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में रोजगार मेला और अप्रेंटिसशिप मेला आयोजित होंगे, जहां निजी कंपनियां साक्षात्कार के माध्यम से चयन करेंगी। साथ ही विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं और ऋण प्रक्रिया की जानकारी दी जाएगी। 18 से 35 वर्ष आयु के न्यूनतम 10वीं पास युवा आवश्यक दस्तावेजों सहित भाग ले सकते हैं। यह आयोजन युवाओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर होगा।

### उदयपुर में 15 को महादेव महोत्सव

**विदिशा।** उदयपुर स्थित प्राचीन नीलकंठेश्वर मंदिर परिसर में 15 फरवरी को महादेव महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। संस्कृति विभाग, मध्यप्रदेश शासन द्वारा यह कार्यक्रम शाम 6:30 बजे प्रारंभ होगा। महोत्सव में लोक-भक्ति गायन, नृत्य नाटिका एवं भक्ति संगीत की प्रस्तुतियां होंगी। हरदा की मिशा शर्मा लोक गायन, भोपाल की अपर्णा चतुर्वेदी शिव-कथा पर नृत्य नाटिका तथा नवनी श्रीवास्तव भक्ति गायन प्रस्तुत करेंगी। यह आयोजन श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक अनुभूति प्रदान करेगा।

### 122 आवेदनों पर सुनवाई 68 का निराकरण किया

**विदिशा।** को जनसुनवाई में कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने स्वयं उपस्थित होकर आवेदकों की समस्याएं सुनीं। मंगलवार को संपन्न जनसुनवाई में कुल 122 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 68 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया। शेष आवेदनों पर समय-सीमा में कार्रवाई कर पोर्टल पर जानकारी दर्ज करने के निर्देश दिए गए। ग्राम पबई के वृद्ध जगेंद यादव की कम सुनाई देने की समस्या पर कलेक्टर ने तत्काल संज्ञान लेकर राहत के निर्देश दिए।

### तेनगुरिया को कार्यकारी जिलाध्यक्ष का दायित्व

**विदिशा।** मप्र अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष एमपी द्विवेदी ने प्रदेश महासचिव सुभाष शर्मा एवं प्रदेश प्रवक्ता डॉ.अनिल भार्गव की अनुशंसा पर वरिष्ठ



कर्मचारी नेता नीरज तेनगुरिया को मोर्चे का विदिशा का कार्यकारी जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। नियुक्ति पर अनेक अधिकारी कर्मचारियों ने श्री तेनगुरिया को बधाई देते हुए शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है। श्री तेनगुरिया का जिले के अधिकारी कर्मचारियों से गहरा जुड़ाव है। वह कर्मचारियों के लिए लंबे समय से संघर्षरत हैं।

## यूजीसी कानून को बताया काला कानून, राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

# यूजीसी कानून के विरोध में सड़कों पर उतरा सवर्ण समाज, संवैधानिक समीक्षा की उठी मांग

*यूजीसी कानून के विरोध में मंगलवार को सड़कों पर सवर्ण समाज का जन सैलाब उमड़ पड़ा। महिलाओं ने काले कपड़े पहनकर इस कानून का विरोध किया। राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन देकर आंदोलन को और तेज करने की चेतावनी दी है।*




हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

देश में शिक्षा व्यवस्था और आरक्षण से जुड़े कानूनों को लेकर एक बार फिर संवैधानिक बहस तेज हो गई है।

यूजीसी कानून के विरोध में अब विरोध संसद से निकलकर सड़कों तक पहुंच गया है। इसी कड़ी में शहर में सर्व सवर्ण समाज के आह्वान पर बड़ी संख्या में लोग सड़कों पर उतरे और केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया। शहर की सड़कों पर सैकड़ों की संख्या में महिला और पुरुष हाथों में तख्तियां लेकर यूजीसी कानून के विरोध में नजर आए। यह विरोध रैली कांच मंदिर से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए महात्मा गांधी की प्रतिमा तक पहुंची। यहां प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन सौंपते हुए यूजीसी कानून को तत्काल वापस लेने की मांग की।

रैली में सर्व सवर्ण समाज के साथ-साथ अन्य समाजों के प्रतिनिधि भी शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि यह कानून न केवल शिक्षा व्यवस्था को प्रभावित करता है, बल्कि समाज में विभाजन पैदा करने वाला है। उन्होंने आरोप लगाया कि बिना व्यापक सामाजिक सहमति के ऐसे महत्वपूर्ण कानून लागू करना लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है।




विदिशा। माधवगंज पर धरने को विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों ने संबोधित किया।

प्रदर्शन के दौरान रघुवंशी समाज के जिला अध्यक्ष मोहर सिंह रघुवंशी ने कहा कि यूजीसी कानून पूरी तरह से काला कानून है और समाज को बांटने का काम कर रहा है। वहीं संजय जैन और राजीव जैन ने केंद्र सरकार से इस कानून पर पुनर्विचार करने की मांग की। विजय दीक्षित ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने मांगों पर ध्यान नहीं दिया तो यह आंदोलन विदिशा तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि प्रदेश और देश स्तर तक फैलाया जाएगा।

कुल मिलाकर यूजीसी कानून को लेकर उठी यह आवाज अब केवल कानून विरोध तक सीमित नहीं, बल्कि संवैधानिक संतुलन और सामाजिक सहमति का सवाल बनती जा रही है। अब देखना यह होगा कि शहर से उठी यह आवाज केंद्र सरकार तक कितनी प्रभावी ढंग से पहुंच पाती है।

## चोरी और डकैती की घटनाओं से भयभीत सराफा व्यापारियों ने तैनात किए बंदूकधारी गार्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

लगातार बढ़ रही चोरी और डकैती की घटनाओं के बाद सराफा कारोबारियों ने अपनी सुरक्षा को लेकर खुद कदम उठाए हैं।

शहर के प्रमुख सराफा बाजार खरीफाटक रोड पर अब ज्वेलर्स की दुकानों की सुरक्षा के लिए बंदूकधारी सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए हैं। सराफा कारोबारियों ने निजी स्तर पर लाइसेंसी बंदूकों से लैस सुरक्षा गार्डों को रखा है। ये गार्ड रात के समय पूरे इलाके में गश्त करते हैं और दुकानों की निगरानी करते हैं। व्यापारियों का कहना है कि हाल की घटनाओं के बाद वे खुद को पूरी तरह सुरक्षित महसूस नहीं कर पा रहे थे।

### जनवरी में हुई दो डकैती की घटनाएं

गौरतलब है कि जनवरी महीने में जिले में डकैती की दो बड़ी घटनाएं सामने आ चुकी हैं, जिससे व्यापारियों की चिंता और बढ़ गई थी। इसी के बाद सराफा कारोबारियों ने निजी सुरक्षा व्यवस्था लागू करने का फैसला लिया।

### 12 दुकानों की सुरक्षा में लगे 3 गार्ड

खरीफाटक रोड पर स्थित 12 सराफा दुकानों की सुरक्षा के लिए तीन बंदूकधारी गार्ड तैनात किए गए हैं। ये गार्ड पूरी रात इलाके में घूमते रहते हैं और आपस में लगातार संपर्क में रहते हैं। सुरक्षाकर्मियों ने सामान्य स्थिति, संदिग्ध गतिविधि और खतरे की पहचान के लिए अलग-अलग कोडवर्ड तय किए हैं। किसी भी आपात स्थिति में तुरंत अलर्ट दिया जा सके, इसके लिए यह व्यवस्था बनाई गई है। गार्ड रात के समय आने-जाने वाले लोगों पर नजर रखते हैं और जरूरत पड़ने पर पूछताछ भी करते हैं। खरीफाटक रोड पर सराफा दुकानों के अलावा अन्य व्यापारिक प्रतिष्ठान और करीब आधा दर्जन बैंक शाखाएं भी मौजूद हैं। इसी वजह से यह इलाका संवेदनशील माना जाता है। नई सुरक्षा व्यवस्था से न सिर्फ सराफा व्यापारी बल्कि आसपास के दुकानदार और स्थानीय लोग भी खुद को सुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

### 7 मार्च तक गेहूं के लिए कराए जा सकेंगे पंजीयन

**विदिशा।** जिले में 3 लाख 60 हजार हेक्टेयर रकबे में गेहूं की बोवनी की गई है। समर्थन मूल्य पर गेहूं तुलवाने के लिए 7 फरवरी से जिले में पंजीयन शुरू हो जाएंगे, जो 7 मार्च तक चलेंगे। पंजीयन के लिए केंद्र बनाए जाएंगे। इनकी संख्या 130 के करीब रहेगी। डीएसओ अनिल तंतुवाय ने बताया कि बीते साल जिले में 80,691 किसानों ने पंजीयन कराया था। इनमें से 54,500 किसानों ने समर्थन मूल्य पर 563,500 एमटी गेहूं तुलवाया था।

## नाबालिग के अपहरण के मामले में दोषी को सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरवाई

न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश कुरवाई आनंद गौतम ने अवयस्क अभियोगत्री के अपहरण के एक प्रकरण में अहम फैसला सुनाते हुए आरोपी बलवीर अहिरवार को दोषी करार दिया है।

न्यायालय ने आरोपी को भारतीय दंड संहिता की धारा 363 के अंतर्गत दोषी मानते हुए 5 वर्ष के कठोर कारावास एवं 5 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया। अपर लोक अभियोजक राघवेंद्र सिंह दांगी ने बताया कि फरियादिया ने थाना कुरवाई में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 23 मार्च 2023 को शाम करीब 7 बजे वह खाना बनाने गई थी। घर पर उसकी नाबालिग पुत्री और पति मौजूद थे। वापस लौटने पर पुत्री घर पर नहीं मिली। पति ने महिला को बताया कि वह सामान लेने दुकान गई थी, लेकिन देर तक वापस नहीं आई।

नाबालिग के माता पिता और परिजनों द्वारा आसपास तलाश करने के बाद भी कोई पता नहीं चला। इसके बाद थाना कुरवाई में मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। न्यायालय में अभियोजन पक्ष के साक्ष्य एवं गवाहों के बयानों के आधार पर न्यायालय ने आरोपी को दोषसिद्ध माना और सजा से दंडित किया है।

## डी-मार्ट स्थापना के विरोध में व्यापारियों ने दिया धरना

### माधवगंज पर प्रदर्शन, व्यापार महासंघ व सामाजिक संगठनों का मिला समर्थन

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

पावर डिस्ट्रीब्यूटर संगठन के तत्वावधान में डी-मार्ट की प्रस्तावित स्थापना के विरोध में मंगलवार को माधवगंज पर धरना दिया गया।

इस धरने में शहर के सैकड़ों व्यापारियों, व्यापार महासंघ, मध्यप्रदेश उद्योग व्यापार मंडल, चेंबर ऑफ कॉमर्स सहित अनेक सामाजिक एवं हिंदू संगठनों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और छोटे व्यापारियों के हितों की रक्षा की मांग की। धरने को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि डी-मार्ट जैसी बड़ी बहुराष्ट्रीय और कॉरपोरेट रिटेल संस्थाएं छोटे शहरों में खुलने से गली-मोहल्लों की दुकानों, मध्यम वर्गीय व्यापारियों और स्थानीय रोजगार पर गंभीर संकट उत्पन्न होगा। विदिशा व्यापार महासंघ के अध्यक्ष मुन्नालाल जैन ने कहा कि ऐसी कंपनियां पहले अधिक एमआरपी लगवाकर उपभोक्ताओं को डिस्काउंट का भ्रम देती हैं, जिससे स्थानीय दुकानदार प्रतिस्पर्धा में पिछड़ जाते हैं। उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष राजेश जैन ने एमआरपी के साथ-साथ एनआरपी (नॉमिनल रिटेल प्राइस) लागू करने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि इससे व्यापारिक क्षेत्र में एक निश्चित मार्जिन तय हो सकेगा और छोटे व्यापारियों को संरक्षण मिलेगा। उन्होंने यह भी बताया कि कंपनियों की विदिशा में 6 मिनी स्टोर खोलने की आगामी योजना है, जो स्थानीय व्यापार के लिए और अधिक नुकसानदायक हो सकती है। पार्षद आशीष माहेश्वरी ने कहा कि एक छोटी दुकान पर औसतन 5 से 6 लोगों को रोजगार मिलता है, जबकि बड़े स्टोर्स में सीमित स्टाफ होता है। ऐसे में बड़े मॉल खुलने से बेरोजगारी बढ़ेगी।





विदिशा। माधवगंज पर आयोजित धरने को संबोधित करते हुए व्यापारी।

व्यापार महासंघ के उपाध्यक्ष नीरज चौरसिया ने कहा बहुराष्ट्रीय कंपनियां शुरुआत में आकर्षक ऑफर्स देकर ग्राहकों को अपनी ओर खींचती हैं और बाद में दाम बढ़ा देती हैं। पूर्व महामंत्री घनश्याम बंसल ने आने वाली पीढ़ी के व्यापार भविष्य पर चिंता जताते हुए कहा कि अभी समय है कि व्यापारियों से जुड़ी नीतियों में संशोधन किया जाए। पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने स्पष्ट कहा कि विदिशा की जनसंख्या और आर्थिक संरचना अभी इतनी नहीं है कि डी-मार्ट जैसे बड़े मॉल यहां खोले जाएं।

### अवैध तौल व वसूली की शिकायत सही निकली, मंडी प्रशासन ने की कार्रवाई

# किसानों से 300 ग्राम प्रति क्विंटल कटौती का मामला, एजेएस ओवरसीज की खरीदी पर रोक

**कई फर्म सीधे अपने गोदाम पर कराती हैं तौल**




हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

कृषि उपज मंडी में किसानों की मेहनत पर हो रही अवैध कटौती के मामले में आखिरकार मंडी प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है।

किसानों से प्रति क्विंटल 300 ग्राम अतिरिक्त उपज तौलने और अवैध वसूली के आरोपों में एजेएस ओवरसीज कंपनी की खरीदी पर रोक लगा दी गई है। यह कार्रवाई 3 फरवरी से आगामी आदेश तक प्रभावशील रहेगी। यह मामला ग्राम करारिया लश्करपुर निवासी किसान शरीफ अहमद की शिकायत के बाद सामने आया। किसान ने बताया कि उनकी गेहूं (किस्म 1544) की उपज 2600 रुपए प्रति क्विंटल की दर से नीलाम हुई, लेकिन नीलामी के बाद मंडी परिसर के बाहर कंपनी के मिल एवं निजी स्थान पर तौल कर जानबूझकर अतिरिक्त कठौता किया गया। इससे किसान को आर्थिक नुकसान झेलना पड़ा। शिकायत की जांच के बाद मंडी सचिव द्वारा एजेएस ओवरसीज को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। कंपनी की ओर से दिया गया जवाब असंतोषजनक पाए जाने पर मंडी प्रशासन ने कड़ी कार्रवाई करते हुए खरीदी पर प्रतिबंध लगाने के आदेश जारी किए।

### पहले भी सामने आ चुके कई मामले

मिर्जापुर क्षेत्र स्थित नवीन कृषि उपज मंडी में यह पहला मामला नहीं है। नीलामी के बाद व्यापारियों द्वारा उपज को निजी मिलों या अन्य स्थानों पर तौल कराने, अतिरिक्त तौल, कटौता और हम्माली के नाम पर अवैध वसूली की शिकायतें लगातार मिल रही थीं। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि किसानों की उपज की तौल केवल कृषि उपज मंडी परिसर में ही की जाएगी। नियमों का उल्लंघन करने वाले व्यापारियों और फर्मों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## अवैध शराब के खिलाफ छीरखेड़ा की महिलाएं एसपी कार्यालय पहुंची

**विदिशा।** छीरखेड़ा गांव में अवैध शराब की बिक्री से परेशान महिलाओं का आक्रोश अब खुलकर सामने आ गया है। बड़ी संख्या में गांव की महिलाएं मंगलवार को एसपी कार्यालय पहुंचीं और अवैध शराब के कारोबार पर सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा।

महिलाओं का आरोप है कि गांव में कई परिवार अवैध रूप से शराब बेच रहे हैं, जिससे गांव का सामाजिक माहौल लगातार बिगड़ता जा रहा है। महिलाओं ने बताया कि शराब की लत के कारण घर-घर में विवाद, मारपीट और पारिवारिक कलह आम हो गई है। हालात इतने



गंभीर हैं कि बीते एक माह में अवैध शराब के सेवन से दो लोगों की मौत हो चुकी है, इसके बावजूद शराब माफिया बेखौफ होकर अपना कारोबार चला रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार शिकायत करने के बाद भी ठोस कार्रवाई नहीं हुई, जिससे नाराजगी बढ़ी है। एडिशनल एसपी प्रशांत चौबे ने बताया कि छीरखेड़ा के रहवासियों की शिकायत मिला है। कार्रवाई की जाएगी।

## बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-3380
उच्चतम भाव-6400
सरसों
न्यूनतम भाव-5392
उच्चतम भाव-6510
चना
न्यूनतम भाव-4600
उच्चतम भाव-5645
मसूर
न्यूनतम भाव-5400
उच्चतम भाव-6276
तुअर
न्यूनतम भाव-6710
उच्चतम भाव-6710
मक्का
न्यूनतम भाव-1300
उच्चतम भाव-1630
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2050
उच्चतम भाव-3597
धान
न्यूनतम भाव-1400
उच्चतम भाव-4000
बटरी
न्यूनतम भाव-3550
उच्चतम भाव-3610
उड़द
न्यूनतम भाव-7000
उच्चतम भाव-7505
गेहूं
न्यूनतम भाव -2180
उच्चतम भाव- 3200
मूंग
न्यूनतम भाव-3400
उच्चतम भाव-4050
ज्वार
न्यूनतम भाव-6075
उच्चतम भाव-7480

### कृषि मंडी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मंडी में मंगलवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि मण्डी में 10470 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

## खबर संक्षेप

### प्रजापति गंजबासौदा के विधानसभा अध्यक्ष बने

**गंजबासौदा।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ मनोज यादव की अनुशंसा पर आनंद प्रजापति को गंजबासौदा का विधानसभा अध्यक्ष नियुक्त किया गया। प्रजापति के विधानसभा अध्यक्ष बनने पर कार्यकर्ताओं ने बधाई देते हुए सपा प्रमुख अखिलेश यादव, प्रदेश अध्यक्ष डॉ मनोज यादव का आभार व्यक्त किया।

### इंटीग्रेटेड बायोलॉजी पर तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय कांफ्रेंस आज से

**सागर।** डॉ. हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ बायोलॉजिकल साइंसेज अंतर्गत प्राणीशास्त्र विभाग द्वारा इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन इंटीग्रेटेड बायोलॉजिकल रिसर्च का आयोजन 4 से 6 फरवरी तक किया जा रहा है। इस तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन की संयोजक प्रो. श्वेता यादव, विभागाध्यक्ष, प्राणीशास्त्र विभाग एवं निदेशक डीएचएसजीयू, सागर होंगी। इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का उद्देश्य जैविक विज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत प्रख्यात वैज्ञानिकों, शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं एवं युवा शोधार्थियों को एक साझा मंच पर लाना है। देश-विदेश से अनेक प्रतिष्ठित विशेषज्ञ सम्मेलन में भाग लेंगे।

# लोन दिलाने के नाम पर युवती ने ठगे लाखों रुपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



नगर में लोन दिलाने के नाम पर ठगी का मामला सामने आया है। मंगलवार को शाम के समय शहर के आधा दर्जन से अधिक लोगों सिटी कोतवाली पहुंचकर पुलिस को शिकायती आवेदन सौंपकर शिकायत दर्ज कराई। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि फाइनेंस ऑफिस में एक युवती ने उनसे लोन की फीस ली, लेकिन न तो लोन दिया और न ही राशि वापस की जा रही है। दातार सिंह रघुवंशी ने बताया कि उन्हें पारिवारिक कारणों से लोन की आवश्यकता थी। उन्होंने शहर में संचालित एक फाइनेंस ऑफिस में संपर्क किया, जहां महिमा नामक युवती ने उन्हें एक महीने में लोन दिलाने का आश्वासन दिया। लोन प्रक्रिया शुरू करने से पहले महिमा ने उनसे 7000 रुपए फीस ली। आठ महीने बीत जाने के बाद भी दातार सिंह को न तो लोन मिला और न ही उनकी फीस की राशि वापस की गई। इसी तरह ग्राम जरतौली निवासी गजेंद्र सिंह दांगी ने लोन के नाम पर 22000 रुपए, छतर सिंह कुशवाहा ने 9000 रुपए, हल्के ने 18000 रुपए दिए थे। बलवंत सिंह ने भी युवती को लोन के लिए 12000 रुपए दिए थे। शिकायतकर्ताओं के अनुसार, युवती ने लोन की राशि लेने के साथ-साथ उनके आधार कार्ड, पैन कार्ड और बैंक संबंधी चेक भी लिए थे। अब वह न तो लोन करा रही है और न ही ली गई राशि वापस कर रही है। पीड़ितों का कहना है कि महिमा अब उन चेकों को बैंक में लगाने की धमकी दे रही है, जिससे वे मानसिक और आर्थिक रूप से परेशान हैं। सभी आवेदकों ने शहर थाने में आवेदन सौंपकर युवती के खिलाफ सख्त कार्रवाई किए जाने की मांग की गई। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## बीती रात चोरों ने एक मकान, दो दुकानों में की चोरी, तीन दुकानों में चोरी का प्रयास

# चोरों ने एक मकान सहित आधा दर्जन दुकानों को बनाया अपना निशाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा







लंबे समय से चोरों की गतिविधियां शांत रहने के बाद एक बार फिर अज्ञात चोर नगर में सक्रिय हो गए हैं। इन चोरों द्वारा आए दिन चोरी, धोखाधड़ी की वारदातें कर पुलिस को चुनौती दी जा रही है। वहीं ऐसी घटनाओं से नागरिकों में भी भय व्याप्त हो रहा है। बीती रात भी अज्ञात चोरों ने अलग अलग क्षेत्र में चोरी की अनेक घटनाओं को अंजाम दिया। चोरों ने लगभग आधा दर्जन गुमठियों सहित एक सूने मकान को निशाना बनाकर चोरी की घटना को अंजाम दिया। इस दौरान एक मकान एवं 2 गुमठियों में चोरी करने में सफल रहे वहीं तीन गुमठियों में चोरी का असफल प्रयास किया। पीडितों ने थाने में शिकायत दर्ज कर चोरों को शीघ्र पकडने की मांग की है।

नगर के वार्ड क्रमांक 7 स्थित पिपलेश्वर माता मंदिर के समीप एक सूने मकान में चोरों द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। चोरों ने घर से लाखों रुपए के सोने-चांदी के जेवर और 20 हजार रुपए नकद चुरा लिए। घटना तब हुई जब मकान मालिक मोहन बाबू नागवंशी अपने परिवार के साथ भोपाल गए हुए थे। चोरों ने सूने मकान के मुख्य द्वार का ताला तोड़कर घर में प्रवेश किया। उन्होंने घर में रखी दो गोदरेज अलमारियों सहित अन्य सामानों की तलाशी ली और कीमती सामान लेकर फरार हो गए। मकान मालिक मोहन बाबू नागवंशी ने बताया कि वे सोमवार को एक पारिवारिक कार्यक्रम के लिए अपनी पत्नी और दो बच्चों के साथ भोपाल गए थे। मंगलवार सुबह पड़ोसियों ने उन्हें फोन पर चोरी की सूचना दी। सूचना मिलते ही वह तुरंत पंजाब मेल एक्सप्रेस से गंजबासौदा लौटे। घर आकर तलाशी लेने पर नागवंशी को पता चला कि उनके घर से सोने का मंगलसूत्र, सोने के कान के टॉप्स, चांदी की पायलें और 20 हजार रुपए नकद गायब थे। उन्होंने बताया कि 20 हजार रुपए उनकी बड़ी बेटी की कक्षा 11 वीं की फीस जमा करने के लिए दो गोदरेज अलमारियों में रखे थे। मोहन बाबू नागवंशी ने घटना की जानकारी पुलिस को दी।

पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू की। पुलिस ने इस मामले में प्रकरण दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। वहीं अज्ञात चोरों ने पांच दुकानों के ताले तोडे और नकदी, पान मसाला आदि भी चुरा लिए। प्राप्त जानकारी के अनुसार मां कर्मा देवी चौराहे पर बीती रात चोरों ने सड़क किनारे स्थित पांच दुकानों के ताले तोडे। चोरों ने यहां स्थित कुशवाह टी स्टॉल से 2 हजार रुपए नकद चुराए। दुकानदार बबलेश कुशवाहा ने बताया कि सुबह ताले टूटे पाए और नकदी गायब थी। जबकि विशाल टी स्टॉल से 500 रुपए नकद, गैस टंकी और पान मसाले का सामान चोरी हुआ। वहीं कपिल चौरसिया की दुकान, राहुल जैन की दुकान और राधे पान मसाले की दुकान के चोर केवल ताले तोड़कर चले गए, कुछ नहीं ले जा सके। घटना के बाद दुकानदारों ने देहात थाने में आवेदन दिया और मांग की कि चौराहे पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं। साथ ही चौराहे के कारण रात्रि में पुलिस गश्त बढ़ाने की भी अपील की गई, ताकि भविष्य में ऐसी चोरी की घटनाओं को रोका जा सके। यहां उल्लेखनीय है कि नगर में आए दिन चोरी की घटनाएं घटित हो रहीं हैं जिससे नागरिकों में भय व्याप्त है अनेक लोग अपने मकानों को सूना छोड़कर नहीं जा रहे हैं। आवश्यक कार्य होने पर एक व्यक्ति को घर पर छोड़ रहे हैं।



## अग्रवाल समाज के 8 दिवसीय स्वास्थ्य शिविर में हुआ अनेक रोगों का उपचार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

अग्रवाल समाज द्वारा 8 दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का समापन मिल रोड पर किया गया। जिसमें एक्यूप्रेशर, कायरोप्रैक्टिक मसाज, मैग्नेटिक फिजियोथैरेपी आदि की गई। शिविर का प्रारम्भ पूर्व नपाध्यक्ष मधुलिका अग्रवाल, समाजसेवी आशा रमेश अग्रवाल, करूणा किशन अग्रवाल अध्यक्ष, आरती गर्ग, विनीता गोयल द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। जिसमें जोधपुर राजस्थान से आए चिकित्सकों ने सेवा प्रदान की। अग्रवाल समाज अध्यक्षा आरती अग्रवाल ने बताया की 8 दिवसीय शिविर 26 जनवरी से 2 फरवरी तक आयोजित किया गया।

शिविर में राजस्थान जोधपुर से पधारे डॉ. वी आर चौधरी, थैरेपिस्ट देवाराम जाखड़ ने मरीजों को अपनी सेवाएं उपलब्ध कराईं। चिकित्सकों द्वारा सर दर्द, माइग्रेन ,डिप्रेशन ,मधुमेह ,हाथ पैरों में झनझनाहट आना, सर्वाइकल पेन ,कमर दर्द, घुटनों में दर्द, साइटिका का दर्द, लकवा ,पार्किंसन, मांसपेशियों का दर्द, शरीर की जकड़न, वेरीकोज वेंस ,गठिया, जोड़ों का दर्द, चलते हुए बैलेंस बिगड़ना, गैस एसिडिटी, कफ़ बिगड़ना,आंख नाक कान संबंधित बीमारियों सहित अन्य छोटी, बड़ी सभी स्वास्थ्य समस्याओं का इलाज थेरेपी चिकित्सकों द्वारा किया गया। जिसमें लोगों को बहुत आराम मिला है। विनीता गोयल ने बताया कि शीतकाल में अधिकतर सामान्यत सभी उम्र दराज लोगों को गठिया और जोड़ों से संबंधित दर्द काफी बढ़ जाता है, इसलिए हमने यह समय चुना जिससे ज्यादा से ज्यादा लोगों को स्वास्थ्य लाभ प्राप्त हो और दर्द में राहत मिले। शिविर में मैग्नेटिक थेरेपी द्वारा चार्ज पानी भी मरीजों को उपलब्ध कराया गया। बडी संख्या में लोगों ने रजिस्ट्रेशन करवाकर स्वास्थ्य लाभ लिया। समापन पर समाज अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल, हरिकृष्ण अग्रवाल, ओम बाबू गर्ग, मनोज गोयल द्वारा डॉ. वीआर चौधरी और उनके सहयोगियों का प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया गया। सफल स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने के लिए आरती गर्ग, विनीता गोयल, किरण मित्तल का भी सम्मान किया गया।

## अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा का परिचय सम्मेलन आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गत दिवस जिला कुशवाहा समाज एवं अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के तत्वावधान में युवक युवती परिचय सम्मेलन एवं पत्रिका का विमोचन का कार्यक्रम मानस भवन में किया गया। जिसमें 1000 से अधिक समाजबंधु सम्मिलित हुए एवं लगभग 100 युवक, युवतियों का परिचय मंच के माध्यम से हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, ग्वालियर सांसद भारत सिंह कुशवाहा ने वर्चुअल कार्यक्रम में ऑनलाइन जुड़कर समाज को संबोधित किया। कार्यक्रम में नारायण सिंह कुशवाह पूर्व अध्यक्ष कुश कल्याण बोर्ड, विधायक हरिसिंह रघुवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव, देवेंद्र रघुवंशी, राधा कुशवाहा राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला महासभा, महामंत्री अर्जुन कुशवाह, नरेश कुशवाहा, चंद्रशेखर कुशवाहा, दिलीप कुशवाहा, कुसुम कुशवाहा, राजेश पराजिया, आनंदी कुशवाहा, बाबूलाल, पार्षद मंजू कुशवाहा, अशोक सरपंच अमर सिंह, अपूर्व जैन, पलाश जैन, दीपक, ऊधम सिंह, राधेश्याम, बाल मुकुंद, धनराज, दीपा, ऋषि, अखिलेश, राजेश, धीरज सिंह, राहुल, मोनू पटेल, मनीष पटेल, गिरीश, दल सिंह, कृष्णा कुशवाहा, रोहित, रवि, सोनू, सुनील, गुलाब, क्रांति, भारती, बब्लेश, इंदराज मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष मनोज कुशवाहा ने की एवं कार्यक्रम का संचालन महामंत्री कैलाश कुशवाहा ने किया।

## नपा सफाई अमले ने की नाले की सफाई



**गंजबासौदा।** मंगलवार को नगरपालिका सफाई अमले ने नगर के वार्ड क्रमांक 9 पचमा बायपास क्षेत्र में दरोगा संतोष कुमार के नेतृत्व में नाले की साफ, सफाई की। इस दौरान नाले से बड़ी मात्रा में कचरा, सिल्ट एवं गंदगी निकाली गई। जिसे नपा की ट्रेक्टर, ट्रॉली में भरकर फिकवाया गया। इस दौरान छोटू, राज सहित अनेक नपा सफाई कर्मी मौजूद रहे।

## पंचतत्व संरक्षण समिति ने लगाए 50 आम के पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा




सोमवार को पंचतत्व संरक्षण समिति द्वारा ग्राम देरखी में पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से समिति के सदस्य कैलाश अहिरवार की कृषि भूमि में 50 फलदार आम के पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय लोगों के अलावा समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह दांगी, राजेंद्र व्यास, जगदीप सिंह, विजय ठाकुर, प्रमोद जैन, अशोक भावसार, राकेश पुरोहित और प्रमोद सिंह राजपूत द्वारा पौधे लगाए गए। ज्ञात हो कि यह 50 पौधे पर्यावरण संतुलन बनाए रखने की दिशा में कार्य करने वाली समिति पंचतत्व के सदस्य डॉ. जितेंद्र सिंह और प्रमोद जैन द्वारा प्रदान किए गए हैं। समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह दांगी ने बताया कि पौधारोपण का मुख्य उद्देश्य हरियाली बढ़ाना और लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करना है। कार्यक्रम में प्रमोद सिंह ने कहा कि वृक्ष मानव जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक हैं और प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। अंत में समिति सदस्यों ने आयोजनकर्ता जनपद सदस्य धीरज सिंह अहिरवार को लगाए गए पौधों की देखभाल का संकल्प दिलाया।

### केंद्रीय मंत्री चौहान और क्रिकेटर रविन्द्र जड़ेजा ने किया शुभारंभ

# संसदीय कप कबड्डी में बासौदा विधानसभा विजेता





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

विगत दो माह से सांसद खेल महोत्सव के तहत खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा था। जिसका रंगारंग समापन रायसेन में किया गया। इस दौरान विजेताओं को पुरस्कार वितरण क्षेत्रीय सांसद एवं केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान तथा भारतीय क्रिकेट के सितारे रविंद्र जडेजा के द्वारा किया गया। इस अवसर पर अनेक मंत्रीगण तथा विदिशा संसदीय क्षेत्र के सभी विधायक मौजूद रहे।

बालिका कबड्डी में संसदीय क्षेत्र में बासौदा विधानसभा के उत्कृष्ट विद्यालय की इंडोर स्टेडियम की टीम ने फाइनल मुकाबले में बुधनी को पराजित कर बालिकाओं का संसदीय कबड्डी कप के साथ ही ढाई लाख रुपए का नगद पुरस्कार प्राप्त किया। छात्राओं की विजय का मुख्य श्रेय विद्यालय के खेल शिक्षक स्वतंत्र कुमार जैन, कोच राहुल विश्वकर्मा एवं स्वयं शर्मा का रहा। छात्राओं के विजयी होने पर बासौदा विधानसभा के विधायक हरिसिंह रघुवंशी, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश सिंह जादौन, भाजपा के सभी मंडलों के अध्यक्ष, प्राचार्य एम सी शर्मा सहित उत्कृष्ट विद्यालयीन समस्त स्टॉफ ने विजेता खिलाड़ी छात्राओं के साथ साथ, खेल शिक्षक स्वतंत्र कुमार जैन एवं कोच राहुल विश्वकर्मा को बधाईयां दी हैं।

### मौसम बदलाः रात्रि के समय हुई हल्की बारिश

**गंजबासौदा।** नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में मौसम ने फिर से करवट ली है। सोमवार को देर रात हल्की बारिश हुई। अचानक हुई हल्की बारिश के कारण मौसम में ठंडक घुल गई। जिसके चलते मंगलवार को सुबह से रात्रि तक शीत लहर के साथ मौसम में ठण्डक रही। जिसके चलते लोगों को दिन भर सर्दी का अहसास होता रहा। सर्दी के चलते नगरीय क्षेत्र में नागरिक टोपा, जर्किन सहित अन्य गर्म कपड़ों के साथ गर्म पेय पदार्थों का सेवन करते देखे गए। ज्ञात हो कि पिछले मंगलवार को भी इलाके भर में कहीं तेज तो कहीं हल्की बारिश हुई थी। जिसके चलते कुछ ग्रामों में गेंहू की फसल खेतों में आड़ी हो गई थी। मौसम का हाल बताने वाली वेबसाइटों के अनुसार आगामी 5 फरवरी को बादल छंटने के बाद मौसम साफ हो जाएगा। जिसके बाद न्यूनतम तापमान तो 11 से 13 डिग्री के बीच बना रहेगा, लेकिन अधिकतम तापमान में थोडा उछाल आएगा और 25 डिग्री से 28 डिग्री सेल्सियस तक बना रहने की संभावनाएं व्यक्त की हैं।

## यूजीसी बिल और आरक्षण को लेकर बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



यूजीसी बिल 27% ओबीसी आरक्षण एवं जातिगत जनगणना को लेकर जिले के पिछड़ा वर्ग की बैठक मंगलवार को कुशवाहा धर्मशाला त्योंदा में आयोजित हुई। इस बैठक में यूजीसी बिल के समर्थन, मध्य प्रदेश में पिछड़ा वर्ग के 27% आरक्षण को पूर्ण रूप से लागू कराने तथा एससी, एसटी, ओबीसी एवं सामान्य वर्ग की सभी जातियों की स्पष्ट जातिगत जनगणना जैसे ज्वलंत मुद्दों पर गंभीर चर्चा की गई। उक्त बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि इन विषयों पर व्यापक विचार-विमर्श एवं आगे की रणनीति तय करने हेतु विदिशा जिले के पिछड़ा वर्ग समुदाय की बैठक आयोजित की जाएगी। इसके अंतर्गत 9 फरवरी को लोधी धर्मशाला ग्यारसपुर में दोपहर 2 बजे से एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी। इस बैठक का उद्देश्य बहु संख्यक संपूर्ण पिछड़ा वर्ग को उच्च शिक्षा में समान अवसर, संवैधानिक अधिकारों की रक्षा तथा सामाजिक न्याय की दिशा में ठोस कदम उठाना है। साथ ही राष्ट्रपति के नाम प्रस्तुत किए जाने वाले ज्ञापन एवं आगामी आंदोलनात्मक, संगठनात्मक कार्यक्रमों पर भी निर्णय लिया जाएगा। समस्त पिछड़ा वर्ग समाज, सामाजिक संगठनों, युवाओं, बुद्धिजीवियों एवं जनप्रतिनिधियों से अपील है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर बैठक को सफल बनाएं। यह पहल सामाजिक न्याय और पिछड़ा वर्ग के अधिकारों की मजबूती की दिशा में एक निर्णायक कदम है।

### सेन महाराज का किया श्रृंगार



**गंज बासौदा।** संत शिरोमणी सेन महाराज का प्रथम श्रृंगार दर्शन विश्व हिन्दू परिषद जिला अध्यक्ष मुकेश सेन द्वारा सम्पन्न हुआ। इस दौरान बड़ी संख्या में सेन समाजजन मौजूद रहे।

**खबर संक्षेप**

### जिलाध्यक्ष के जन्मदिन के उपलक्ष्य में भोजन वितरण कार्यक्रम आज

**सिरोंज।** जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहित रघुवंशी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी व कांग्रेस परिवार द्वारा नगर के टॉकीज चौराहा पर निसहाय लोगो को भोजन वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुरेश यादव,नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सैफू गौरी,देवपुर ब्लॉक अध्यक्ष अर्जुन राजपूत सहित बडी संख्या में कांग्रेस नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहेंगें।

### औषधीय पौधों की खेती पर प्रशिक्षण प्रदान किया

**सागर।** शासकीय महाविद्यालय मकरोनिया सागर में महाविद्यालय के छात्रों को औषधीय पौधों की खेती पर विषय विशेषज्ञ राजेश मिश्रा द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया उन्होंने काली हल्दी की खेती सिंदूर बच आदि औषधीय पौधों की खेती पर विस्तार से जानकारी दी व औषधीय पौधों की एवं बीजों की पहचान भी कराई एवं औषधीय उत्पाद बनाने की जानकारी दी।

### 7 से शुरू होगा समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन

**सागर।** रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन के लिये किसान पंजीयन 7 फरवरी से शुरू होगा। किसान 7 फरवरी से 7 मार्च तक पंजीयन करा सकते हैं। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने किसानों से आग्रह किया है कि निर्धारित समय में पंजीयन करा लें। उन्होंने बताया है कि किसान पंजीयन की व्यवस्था को सहज और सुगम बनाया गया है।

### जनसुनवाई में हुई 148 आवेदनों पर कार्यवाही

**सागर।** कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में आज 148 आम लोगों की समस्याओं को सुना गया और अधिकारियों को तत्परता से आमजन की समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए गए। इसमें अपर कलेक्टर अविनाश रावत, संयुक्त कलेक्टर राजनंदनी शर्मा सहित अन्य शामिल थे।

---

सिद्ध आश्रम के वरिष्ठ मंहत संजय मेहता हैं सिरोंज अंचल के रहवासी


# जश्ने उर्दू में शामिल हुए संजय ने कहा- सिरोंज अदब का जानने वाला शहर...

राजीव जैन सैनानी ⏭ सिरोंज

सिरोंज के सपूत जो कि वर्तमान फिल्म जगत एंव आध्यत्मिक क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का निखार पूरे देश में कर रहें है। जहां भी यह अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करते है। वहा सिरोंज की मिट्टी व सिरोंज का नाम रौशन करते है। देश व प्रदेश में जब जब भी उत्कृष्ट प्रदर्शन होते है और संजय मेहता उक्त कार्यक्रम में शामिल होते है तो सिरोंजवासी यह देखकर अपने आप को काफी गौरंवित महशूश करते है। पं संजय मेहता ने फिल्म धुरंधर में एक अहम रोल करने के बाद जो उन्होने अपना नाम बनाया है। वही सिरोंज के समीप ग्राम आमाढाना में स्थित सिद्ध आश्रम में वरिष्ठ मंहत के रूप में धार्मिक व आध्यत्मिक क्षेत्र में श्रद्धालुओं को लाभ दे रहें है।

## सिरोंज में हुआ करते थे मुशायरे के आयोजन

मध्य प्रदेश उर्दू अकादमी द्वारा जश्ने उर्दू का आयोजन किया जा रहा है। 2 फरवरी को संवाद कार्यक्रम के अंतर्गत उर्दू के साथ मेरी यात्रा के तहत वरिष्ठ रंगकर्मी और फिल्म अभिनेता जिनकी हाल ही में धुरंधर फिल्म रिलीज हुई पंडित संजय मेहता को आमंत्रित किया गया था। उर्दू के साथ जुड़ाव के संबंध में जब उनसे पूछा गया कि आपका उर्दू से संबंध किस तरह से हुआ। तब संजय मेहता ने कहा कि मैं सिरोंज का रहने वाला हूं और सिरोंज अदब को जानने वाला शहर है एक समय में सिरोंज में बड़े-बड़े मुशायरा हुआ करते थे। साथ ही उन्होंने कहा कि उर्दू से पहचान उनके पिता चंद्रशेखर मेहता ने कराई थी। साथ ही उन्होंने बिहारी सतसई के एक दोहे उनके पिता ने उर्दू में ढाला था गाकर भी सुनाया। मध्य प्रदेश शासन उर्दू अकादमी का यह शानदार आयोजन रहा जिसमें संजय मेहता को बहुत सराहा गया। संजय मेहता रंगमंच और फिल्म के बेहतरीन कलाकार हैं उनकी कई फिल्में फिल्मीस्तान,वाह ताज,मोहल्ला अस्सी,धड़क 2,ड्राई डे रिलीज हो चुकी है और केरला स्टोरी 2 भी 27 फरवरी को रिलीज होने वाली है।



### भारत भवन में 17 साल बतौर अभिनेता के कर काम

*संजय मेहता के चार नाटक प्रकाशित हैं शिवोहम जो आदि शंकराचार्य पर केंद्रित है इसके अलावा संत कबीर,संत तुकाराम और मरघटा खुला है। मरघटा खुला को मध्य प्रदेश शासन साहित्य अकादमी द्वारा हरि कृष्ण प्रेमी सम्मान से सम्मानित किया जा चुका है। संजय मेहता सिरोंज की शान है और बाबा साहब के नाम से भी जाने जाते हैं साथ ही वह एक प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य व सिद्ध आश्रम सिरोंज में वरिष्ठ मंहत भी है। वही उनके दादा गोविंद राम शास्त्री भी सिरोंज के प्रकांड पंडित व ज्योतिषाचार्य थे। संजय मेहता उन्हीं के पोते हैं। संजय मेहता रंग मंडल भारत भवन में 17 साल बतौर अभिनेता काम कर चुके हैं। उनको कई राष्ट्रीय सम्मान से नवाजा गया है जैसे कि उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी का सफदर हाशमी सम्मान। साथ ही उन्हें भारत सरकार द्वारा कविता और कहानी की प्रस्तुति हेतु जूनियर सीनियर फैलोशिप संस्कृति विभाग नई दिल्ली द्वारा प्रदान की जा चुकी है।*

---

# एलबीएस कॉलेज में प्लेसमेंट ड्राइव का सफल आयोजन



**सिरोंज।** आईटीसी मिशन सुनहरा कल एवं प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन के इकोसिस्टम प्रोग्राम के अंतर्गत शासकीय लाल बहादुर शास्त्री महाविघालय में एक भव्य एवं सुव्यवस्थित कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना तथा उन्हें उद्योग जगत से जोड़ना रहा। इस कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में कुल 8 प्रतिष्ठित कंपनियों ने सहभागिता की। जिनमें भोपाल,मंडीदीप,पीथमपुर तथा सानंद गुजरात जैसे प्रमुख औद्योगिक क्षेत्रों की कंपनियाँ शामिल रहीं। विभिन्न कंपनियों द्वारा विद्यार्थियों का साक्षात्कार एवं चयन प्रक्रिया आयोजित की गई। इस आयोजन में शासकीय एलबीएस कॉलेज के कुल 260 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जिनमें से 107 विद्यार्थियों का विभिन्न कंपनियों में चयन किया गया। चयनित विद्यार्थियों के चेहरों पर भविष्य को लेकर उत्साह, आत्मविश्वास एवं संतोष स्पष्ट रूप से देखने को मिला। इस अवसर पर आईटीसी मिशन सुनहरा कल एवं प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन के प्रतिनिधियों ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि इकोसिस्टम प्रोग्राम का उद्देश्य युवाओं को कौशल विकास, रोजगार परक प्रशिक्षण एवं उद्योग से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। इस प्रकार के कैंपस प्लेसमेंट कार्यक्रम युवाओं के करियर निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कॉलेज प्रशासन द्वारा इस सफल आयोजन हेतु आईटीसी मिशन सुनहरा कल एवं प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन के इकोसिस्टम प्रोग्राम का आभार व्यक्त किया गया तथा भविष्य में भी इस प्रकार के रोजगारोन्मुखी कार्यक्रमों के आयोजन हेतु सहयोग बनाए रखने की बात कही गई। यह कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव विद्यार्थियों के लिए एक सुनहरा अवसर सिद्ध हुआ। जिसने उनके करियर को नई दिशा देने का कार्य किया। इसी क्रम में महाविद्यालय के समस्त स्टाफ का अच्छा सहयोग रहा। स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के प्रभारी डॉक्टर जुगराज जाटव ने कार्यक्रम को व्यवस्थित रूप से संचालित किया।

---

# पंचायत एवं वार्ड समिति के गठन को लेकर नरयावली विधानसभा की बैठक हुई संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

जिला कांग्रेस कमेटी सागर मकरोनिया पदमाकर नगर स्थित कांग्रेस कार्यालय में नरयावली विधानसभा क्षेत्र की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। जिसमे मंडलम, पंचायत एवं वार्ड समिति के गठन एवं मनरेगा बचाओ को लेकर जन चौपाल क्रियान्वयन को लेकर अहम चर्चा हुई। एवं इसके लिए समय सीमा निर्धारित की गईं।बैठक में प्रमुख रूप से जिला कांग्रेस कमेटी सागर ग्रामीण के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह मोहासा, नरयावली विधानसभा के प्रदेश कांग्रेस द्वारा नियुक्त प्रभारी ठाकुर लक्ष्मण सिंह, पूर्व मंत्री सुरेंद्र चौधरी, प्रदेश कांग्रेस महासचिव रेखा चौधरी,वरिष्ठ नेता सुरेंद्र सुहाने, जिला संगठन महासचिव आशीष ज्योतिषी, नरयावली ब्लॉक के ब्लॉक अध्यक्ष शिवपाल यादव, सागर ग्रामीण ब्लॉक के अध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह ठाकुर, मकरोनिया ब्लॉक के अध्यक्ष देवेंद्र कुर्मी, सदर ब्लॉक के अध्यक्ष रवि उमाहिया, अभिषेक गौर, दीपक दुबे, शैलेंद्र तोमर, मोंटी यादव, युवक कांग्रेस अध्यक्ष संदीप चौधरी, यंग ब्रिगेड के अध्यक्ष संजय रोहिदास, युवक कांग्रेस विधानसभा जिला अध्यक्ष रोहित वर्मा, सुरेंद्र सिंह चावड़ा, हेमंत लहरिया, अजय अहिरवार, हीरालाल चौधरी, धर्मेंद्र तोमर, सत्येंद्र दुबे, प्रशांत समैया, इंद्राज सिंह आदि मौजूद थे।



---

बच्चों ने खुशी-खुशी आजीवन नशा मुक्त रहने की ली प्रतिज्ञा

# हाजीपुर प्राइमरी स्कूल में नशा मुक्ति कार्यक्रम आयोजित

**सिरोंज।** नगर के हाजीपुर प्राइमरी स्कूल में ब्रह्ा कुमारीज द्वारा नशा मुक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चों को नशा मुक्त रहने की प्रतिज्ञा कराई गई। तो वही बच्चों ने खुशी-खुशी आजीवन नशा मुक्त रहने की प्रतिज्ञा ली।

इस अवसर पर ब्रह्ाकुमारी राजयोगिनी सरस्वती दीदी ने कहा कि नशा करना वास्तव में अपने और अपने प्रियजनों दोनों के लिए बेहद हानिकारक है। यह एक गंभीर समस्या है जिसके कई नकारात्मक परिणाम होते हैं। नशा विभिन्न बीमारियों जैसे कैंसर, हृदय रोग, लिवर सिरोसिस और श्वसन संबंधी समस्याओं का कारण बनता है। यह मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं जैसे अवसाद, चिंता, और मनोविकृति के जोखिम को बढ़ाता है। नशे की लत से भारी वित्तीय बोझ पड़ता है, जिससे व्यक्ति और परिवार गरीब हो सकते हैं। नशे की लत अक्सर पारिवारिक कलह, अलगाव और सामाजिक बहिष्कार का कारण बनती है।



---

# विदिशा पुलिस के तीन वरिष्ठ अधिकारी हुए सेवानिवृत्त सम्मान और आत्मीयता के साथ दी भावभीनी विदाई

- विदिशा पुलिस परिवार ने दी आत्मीय विदाई,

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा



पुलिस के तीन वरिष्ठ अधिकारियों के सेवा निवृत्त होने के अवसर पर सोमवार को पुलिस कंट्रोल रूम विदिशा में ससम्मान विदाई समारोह आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक विदिशा ने सेवा निवृत्त अधिकारियों को शॉल, श्रीफल, प्रशस्ति पत्र एवं पुलिस मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया तथा उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और सुखद भविष्य की कामना की। सेवा निवृत्त होने वाले अधिकारियों में सहायक उप निरीक्षक कार्यवाहक कमलेश शर्मा 36 वर्ष 6 माह 24 दिवस, सहायक उप निरीक्षक कार्यवाहक कन्हैयालाल चौरसिया 34 वर्ष 2 माह 12 दिवस तथा सहायक उप निरीक्षक कार्यवाहक देवीसिंह प्रजापति 33 वर्ष 2 माह 20 दिवस शामिल रहे।

उपस्थित अधिकारियों ने उनके अनुशासित, कर्तव्यनिष्ठ एवं समर्पित सेवाकाल की सराहना करते हुए भावभीनी विदाई दी इस अवसर पर महिला थाना प्रभारी उर्मिला यादव, रक्षित निरीक्षक भूर सिंह चौहान, सूबेदार मेघा शर्मा सहित पुलिस अधीक्षक कार्यालय एवं विभिन्न शाखाओं के अधिकारी-कर्मचारी तथा सेवा निवृत्त अधिकारियों के परिजन उपस्थित रहे। समारोह के पश्चात पुलिस अधीक्षक द्वारा सेवा निवृत्त अधिकारियों के वाहन को स्वयं आगे बढ़ाकर सम्मानपूर्वक विदाई दी गई।

---

# तहसील परिसर के आधार सेंटर पर अवैध वसूली जन्मतिथि सुधार के नाम पर छात्रा से 600 वसूले

## डिजिटल भुगतान के साक्ष्य के साथ छात्रा ने एसडीएम से की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ ग्यारसपुर

ग्यारसपुर तहसील परिसर में संचालित आधार कार्ड केंद्र पर तय शुल्क से कई गुना अधिक राशि वसूलने का गंभीर मामला सामने आया है।

ग्राम मानोरा निवासी छात्रा आशा पिता माखनलाल अहिरवार ने आधार में जन्मतिथि सुधार के नाम पर अवैध वसूली का आरोप लगाते हुए अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) को लिखित शिकायत सौंपी है। छात्रा के अनुसार वह सोमवार दोपहर लगभग 2:30 बजे अपनी अंकसूची के आधार पर जन्मतिथि में संशोधन कराने आधार केंद्र पहुंची थी। वहां मौजूद संचालक शुभम दुबे ने इस कार्य के लिए 700 रुपए की मांग की। बातचीत के बाद 600 रुपए फोन-पे के माध्यम से संचालक के निजी खाते में ट्रांसफर कराए गए, जो सरकारी नियमों के विरुद्ध है। घटना के समय छात्रा के अभिभावक एवं वरिष्ठ पत्रकार महाराज सिंह सूर्यवंशी भी मौजूद थे। उन्होंने डिजिटल भुगतान और पूरी प्रक्रिया का वीडियो बनाकर साक्ष्य सुरक्षित किया।

आवेदन में उल्लेख किया गया है कि उक्त आधार केंद्र संचालक के खिलाफ पहले भी ग्रामीणों द्वारा अधिक पैसे लेने की शिकायतें होती रही हैं, लेकिन प्रमाण न होने से कार्रवाई नहीं हो सकी। पीड़िता ने प्रशासन से मांग की है कि संचालक के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में गरीब ग्रामीणों से इस तरह की ठगी न हो।

---

# इबादत, अकीदत के साथ शब-ए-बारात का त्योहार मनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

मुस्लिम धर्मावलंबियों का पवित्र त्योहार शब-ए-बारात शहर में अकीदत, इबादत के साथ मनाया गया। इस मौके पर लाखों की संख्या में मुस्लिम समाज के लोग पूरी रात इबादत में मशगूल रहे।

रविवार सुबह हजारों रोज़ेदारों ने रोज़ा रखकर इस्लामी परंपराओं के अनुसार शबए बारात का पर्व श्रद्धा और भक्ति भाव से मनाया। रात भर शहर की सभी मस्जिदों, खानकाहों, दरगाहों और कब्रस्तानों में लोगों की भारी भीड़ देखने को मिली। इसके बाद मस्जिदों, मदरसों और खानकाहों में कुरआन-ए-पाक की तिलावत, नफिल नमाज़ और ज़िक्र-अज़कार का सिलसिला सुबह फजर की नमाज़ तक जारी रहा। बुजुर्ग, युवा जहां मस्जिदों में इबादत करते रहे, वहीं महिलाएं और बच्चे घरों में इबादत में लगे रहे।

जिला मुस्लिम त्यौहार कमेटी के अध्यक्ष मुआज़ मेहमूद कामिल ने बताया कि शब-ए-बारात रमज़ान से पहले आने वाली विशेष इबादत की रात है, जिसे फैसलों की रात भी माना जाता है। इस रात अल्लाह पाक दुआओं को कुबूल फरमाते हैं और गुनाहों को माफ करते हैं।

---

### संभाग कमिश्नर ने स्काउट गाइड शिक्षक एवं एनसीसी कैडेट को किया सम्मानित

**सागर।** संभाग कमिश्नर अनिल सुचारी ने अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर स्काउट गाइड शिक्षक एवं एनसीसी कैडेट को सम्मानित किया। संभाग कमिश्नर ने कहा कि सागर जिले के लिए यह गौरव की बात है कि जब स्काउट गाइड एवं एनसीसी की शिक्षक एवं क्रेडिट लगातार अपना सर्वोच्च प्रदर्शन कर सागर संभाग का नाम रोशन कर रहे हैं संभाग कमिश्नर अनिल सुचारी ने मध्य प्रदेश से सागर की गाइड कैप्टन दुर्गा गोवा, छिरारी एवं कृष्णा साहू चितौरा, फ्लॉक सेक्शन से मंजू लता सोनी ने राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित स्काउट गाइड का उच्चस्तरीय परीक्षा कोर्स हिमालय वुड-बैज सफलतापूर्वक पूर्ण कर हिमालय वुड बैज प्रमाण पत्र, पार्चमेंट, पिन एवं राष्ट्रीय ट्रेनिंग सेंटर ब्राउन स्कार्फ प्राप्त कर सागर प्रदेश, संभाग एवं जिले का गौरव देश भर में बढ़ाया इस प्रदर्शन के लिए आज उनको सम्मानित करने कर में गौरांवित हो रहा हूं। राज्य सचिव स्काउट बी एल शर्मा, राज्य आयुक्त गाइड जानकी सिंह, संचालक लोक शिक्षण सागर एस पी बिसेन एवं समस्त सहायक संचालक लोक शिक्षण सागर, सागर जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद जैन आदि मौजूद थे।

### कृषक मोटरसाइकिल रैली हुई आयोजित

**सागर।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार वर्ष 2026 को कृषक कल्याण वर्ष के रूप में मनाए जाने के निर्णय के अंतर्गत किसानों के बीच जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से 2 फरवरी 2026 को लगभग 175 किसानों की एक भव्य मोटर साइकिल रैली का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य किसानों को कृषक कल्याण योजनाओं, आधुनिक कृषि तकनीकों तथा सकारात्मक सोच से जोड़ते हुए कृषि क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देना रहा।

### मंत्री महेंद्र सिंह के सागर आगमन पर जिला क्षत्रिय समाज ने किया स्वागत

सागर। क्षत्रिय समाज जिला सागर के अध्यक्ष नीरज सिंह नयाखेड़ा एवं युवा अध्यक्ष संदीप सिंह भापेल के साथ क्षत्रिय समाज जिला सागर ने प्रदेश प्रभारी मंत्रीमहेंद्र सिंह के प्रथम सागर आगमन पर लहदरा नाका बायपास पर स्वागत एवं अभिनंदन किया। मंत्री गोविंद सिंह राजपूत की अगुवाई में क्षत्रिय समाज के सम्मान के प्रतीक के रूप में तलवार भेंट की साथ ही फूलमालाओं द्वारा समाज के सैकड़ों लोगों द्वारा जोरदार स्वागत किया। इसमें जनपद अध्यक्ष जैसीनगर रामबाबू सिंह, किसान मोर्चा अध्यक्ष धीरज सिंह, हरनाम सिंह सागौनी आदि मौजूद थे।

---

वृंदावन धाम की रामलीला मंडली ने प्रस्तुत किया बाली—सुग्रीव युद्ध का तेजस्वी प्रसंग

# श्रीराम से हुई सुग्रीव की मित्रता, मारा गया बाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ नटेरन



नटेरन रामलीला मेला महोत्सव में प्रभु श्रीराम द्वारा बालि वध की लीला का भव्य और भावपूर्ण मंचन किया गया। वृंदावन धाम की आदर्श रामलीला मंडली द्वारा प्रस्तुत इस प्रसंग ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया।

रामलीला मेला समिति के अध्यक्ष ओपी श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि लीला का शुभारंभ शबरी प्रसंग से हुआ। इसके पश्चात श्रीराम और लक्ष्मण ऋषिमूक पर्वत पर पहुंचे, जहां सुग्रीव ने हनुमान जी को विप्र रूप में भेजकर श्रीराम से भेंट कराई।हनुमान जी ने अग्नि को साक्षी मानकर श्रीराम और सुग्रीव की मित्रता कराई। सुग्रीव ने अपने भाई बालि द्वारा पत्नी हरण और अत्याचार की व्यथा श्रीराम को सुनाई। मित्रता का धर्म निभाते हुए श्रीराम ने सुग्रीव को युद्ध के लिए प्रेरित किया। बालि और सुग्रीव के बीच घनघोर युद्ध हुआ।

पहचान के लिए श्रीराम ने सुग्रीव को अपनी माला पहनाई और वृक्ष की आड़ से बालि का वध किया।मरणासन्न बालि ने श्रीराम से प्रश्न किया, जिसका उत्तर देते हुए प्रभु ने धर्म का मर्म समझाया। अंत में बालि ने अपने पुत्र अंगद को श्रीराम को सौंपा। श्रीराम ने सुग्रीव का राज्याभिषेक और अंगद को युवराज घोषित किया। लीला ने धर्म, मर्यादा और मित्रता का अद्भुत संदेश दिया।




**न्यायालय-श्रीमान प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-1 के चतुर्थ अतिरिक्त व्यवहार न्यायाधीश बिलासपुर (छ.ग.)**

**ज्ञापन**

**नोटिस / समंस**

श्रीमती सरोज चौधरी....................वादिनी

विरूद्ध...

अक्षय कुमार चौधरी व अन्य.........प्रतिवादीगण

प्रक.क्र.- CS.M.-81A/2025
प्रो.क्र.- 10/30.1.2026
आदेश दि.- 16/01/2026
पेशी ता.-10/3/2026

प्रति,

1. अविनाश चौधरी पिता स्व.डॉ.रामकुमार चौधरी उम्र 57 वर्ष मो.नं.-9932607101, निवासी 2 साउथ एवेन्यू चौबे कालोनी रायपुर जिला रायपुर (छ.ग.) 2. श्रीमती अमिता नामदेव पिता स्व. डॉ. रामकुमार चौधरी उम्र 60 वर्ष पति श्री अशोक नामदेव, निवासी 292, दुर्गानगर विदिशा (म.प्र.) वर्तमान निवासी सिंचाई विभाग म.नं.-91, चिल्ड्रन पार्क के पास, रॉयल सिटी कलेक्ट्रेट विदिशा (म.प्र.) मो.नं.-9424608933 3. श्रीमती दीपाली शर्मा पति स्व. आदित्य चौधरी उम्र 57 वर्ष मो.नं.-9179706294 4. मल्लिका चौधरी पिता स्व. आदित्य चौधरी उम्र 28 वर्ष मो.नं.-982793381 5. सूर्याश चौधरी पिता स्व. आदित्य चौधरी उम्र 26 वर्ष क्र. 3, 4, एवं 5 पता 300/सी लवकुश विहार के पास चौबे कालोनी रायपुर जिला रायपुर (छ.ग.) मो.नं.-982793381

वादिनी द्वारा इस न्यायालय में स्तत्व की घोषणा एवं स्थायसी निषेधाज्ञा हेतु वाद प्रस्तुत किया है जिसकी पेशी दिनांक 10/3/2026 को नियत है। आपको इस ईश्तहार / नोटिस के द्वारा सूचित किया जाता है कि पेशी दिनांक 10/3/2026 को प्रात: 11.00 बजे स्वयं अथवा अपने ऐसे किसी प्लीडर के साथ उपस्थित होवें जिसे प्रकरण के संबंध में सम्यक जानकारी हो, जो आवेदक द्वारा प्रस्तुत वाद का जवाब दे सके, अन्यथा आपकी अनुपस्थिति में मामले की एकतरफा सुनवाई कर अग्रिम कार्यवाही की जावेगी। यदि किसी कारण वश उक्त दिनांक को न्यायालय में अवकाश घोषित हो या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर हो तो अगले कार्य दिवस में अग्रिम कार्यवाही की जावेगी। अस्तु सूचित हो।

आज दिनांक 30/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मोहर लगाकर जारी किया गया।

दिनांक-30/01/2026
स्थान-बिलासपुर
सील

(अनूप तिग्गा)
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी व चतुर्थ अतिरिक्त न्यायाधीश
जिला-बिलासपुर (छ.ग.)
(सेन्ट्रल प्रोसेस फीस सेक्शन के उपयोग हेतु)

## खबर संक्षेप

### बहन से बात करने पर युवक की डंडे से पिटाई

**सलामतपुर।** बीती रात थाने के राजीव नगर मोहल्ले में एक युवक ने उसकी बहन से बात करने पर गुस्सा होकर दूसरे युवक का सिर डंडे से फोड़ दिया। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार फरियादी नारायण रावत पिता चंदू उस्ताद निवासी राजीव नगर ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि बबलू यादव शराब के नशे में घर आया और गंदी गंदी गालियां देकर बोला कि उसकी बहन से बात क्यों करता है और डंडे से नारायण के सिर पर हमला कर दिया। नारायण की रिपोर्ट पर बबलू के विरुद्ध मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

### जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनी जनसमस्याएं

**रायसेन।** कलेक्ट्रेट में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा ने लोगों की समस्याओं को सुनकर उनका निराकरण किया। कलेक्टर ने जनसुनवाई में आए आवेदकों से धउनकी समस्याओं पर चर्चा करते हुए निराकरण किया। कुछ प्रकरणों में उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई कर निराकरण करने के लिए निर्देशित किया। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर मनोज उपाध्याय, सहायक कलेक्टर अंकित जैन तथा कुलदीप पटेल एवं जिला अधिकारी उपस्थित हैं।

### समर्थन मूल्य पर खरीदी के लिए 7 से पंजीयन

**रायसेन।** रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिये किसान पंजीयन प्रक्रिया का निर्धारण कर दिया गया है। किसान 7 फरवरी से लेकर 7 मार्च तक पंजीयन करा सकते हैं। रायसेन जिले में गेहूं उपार्जन के लिए किसानों के पंजीयन के लिए 117 पंजीयन केन्द्र स्वीकृत किए गए हैं। इन पंजीयन केन्द्रों पर 7 फरवरी से लेकर 7 मार्च पंजीयन निःशुल्क किए जाएंगे। इन पंजीयन केन्द्रों के अतिरिक्त मोबाईल एप, एमपी ऑनलाईन, सीएससी, ग्राम पंचायत सुविधा केन्द्र, लोक सेवा केन्द्र, इंटरनेट कैफे पर अधिकतम 50 रूपए भुगतान कर पंजीयन करा सकते हैं।

### सर्दी-जुकाम से शुरू होकर जानलेवा बन रहा संक्रमण

# निमोनिया का खतरा: हर दिन 8-10 बच्चे अस्पताल के शिशु वार्ड में भर्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

- डॉक्टरों ने दी ठंड से बचाव की सलाह

जिले में बच्चों में निमोनिया का खतरा तेजी से बढ़ रहा है। जिला अस्पताल के शिशु वार्ड में हर दिन 8 से 10 बच्चे निमोनिया की शिकायत के साथ भर्ती हो रहे हैं। डॉक्टरों के अनुसार अधिकांश मामलों में बीमारी की शुरुआत सामान्य सर्दी-जुकाम से होती है। लेकिन समय पर इलाज न मिलने पर संक्रमण फेफड़ों तक पहुंचकर गंभीर रूप ले लेता है। ठंड-गर्मी के उतार-चढ़ाव, धूल-धुएं और कमजोर प्रतिरोधक क्षमता के कारण छोटे बच्चे सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं।

जिला अस्पताल के शिशु रोग विशेषज्ञों के मुताबिक कई अभिभावक सर्दी-खांसी को हल्के में लेते हैं और घरेलू इलाज करते रहते हैं। इससे संक्रमण बढ़कर निमोनिया में बदल जाता है। शुरुआती लक्षण दिखते ही डॉक्टर को दिखाना जरूरी है।

डॉक्टरों ने अभिभावकों से अपील की है कि लक्षण दिखते ही लापरवाही न बरतें। समय पर इलाज से निमोनिया पूरी तरह ठीक किया जा सकता है, जबकि देरी जानलेवा साबित हो सकती है।




### मुंह,नाक के रास्ते गले-पेट तक पहुंच रहे बैक्टीरिया

जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ यशपाल सिंह बाल्यान का कहना है, रात में सर्दी और दिन में गर्मी के कारण शरीर में पानी की कमी होने से बीमारी बढ़ रही है। पर्याप्त मात्रा में पानी पीएं। यह कोरोना की तरह यह संक्रमण जनित बीमारी है। जो एक व्यक्ति से दूसरे के गले में फैल रही है। बचाव की जरूरत है। भीड़-भाड़ वाले इलाकों से बचना चाहिए। ऐसी जगह जाने के दौरान मास्क का उपयोग करें। बाहर से घूमकर घर आने पर साबुन से अच्छी तरह से हाथ धोए।

### बढ़ी संख्या में अस्पताल पहुंच रहे पीड़ित मरीज

वर्तमान में चल रहे मौसम परिवर्तन की वजह से सर्दी, जुकाम और बुखार व गले में इंफेक्शन के मरीज बढ़ रहे हैं। जिला अस्पताल की ओपीडी के साथ वार्डों में भर्ती मरीजों की संख्या बढ़ी है। ओपीडी 700 से बढ़कर 900 मरीज तक प्रतिदिन पहुंच गई है।

### निमोनिया के लक्षण

- तेज या लगातार खांसी, तेज बुखार
- सांस लेने में दिक्कत, हांफना
- सांस लेते समय सीने का धंसना
- सुस्ती, दूध या भोजन न लेना
- होंठ या नाखूनों का नीला पड़ना।

### बचाव के स्वास्थ्य के प्रति सलाह...

- बच्चों को ठंड से बचाएं।
- सर्दी-खांसी में तुरंत जांच कराएं
  समय पर टीकाकरण पूरा कराएं।
- धूल-धुएं और भीड़ से बच्चों को दूर रखें।
- शिशुओं को मां का स्तनपान कराएं।

### ख्याल रखें

एक वर्ष से कम उम्र के बच्चों में खतरा ज्यादा देखा जा रहा है। अभिभावकों को अपने बच्चों की सेहत पर विशेष ख्याल रखना चाहिए।

-**डॉ आलोक राय,** शिशु रोग विशेषज्ञ।

### मामले में 6 आरोपियों को किया गिरफ्तार

## आदिवासी युवती के हत्यारे की ग्रामीणों ने की पिटाई, मौत

खाना देने जा रही थी युवती, तभी वारदात को दिया अंजाम

गुस्साए ग्रामीणों ने आरोपी की जमकर की पिटाई, हुई मौत




हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

थाना सुल्तानपुर अंतर्गत ग्राम कमरोरा में मंगलवार को एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। यहां 21 वर्षीय आदिवासी युवती शिवानी भिलाला की धारदार हथियार से नृशंस हत्या कर दी। वारदात के बाद आरोपी भाग निकला, लेकिन ग्रामीणों ने उसे पकड़ लिया और जमकर पीटा। मारपीट में घायल आरोपी की भी इलाज के दौरान मौत हो गई।

सुल्तानपुर थाना टीआई संतोष ठाकुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार युवती शिवानी सुबह करीब 11 बजे अपने भाई के लिए खेत पर भोजन देने जा रही थी। इसी दौरान गांव के ही 25 वर्षीय मानसिक विक्षिप्त युवक प्रकाश भिलाला ने जगमोहन आदिवासी के खेत के समीप रास्ते में उसे रोककर धारदार हथियार से हमला कर दिया था। हमले से युवती की मौके पर ही मौत हो गई।

घटना से गुस्साए ग्रामीणों ने भरतीपुर के जंगल क्षेत्र में भाग रहे आरोपी को पकड़कर बेरहमी से मारपीट कर दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल आरोपी युवक को अस्पताल पहुंचाया, जहां उसकी मौत हो गई। आरोपी के शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है।

मामले में पुलिस ने 6 ग्रामीणों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपियों में शशिकांत, राजेश, ब्रजेश, वीरू उर्फ शिवराज, श्रीराम और धर्म सिंह शामिल है।

एसडीओपी नीलम चौधरी ने बताया कि पुलिस ने मारपीट की धाराओं के तहत छह ग्रामीणों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

## खेतों की ढाल बनी साड़ी | फसलों की सुरक्षा करने खेतों में चारों ओर बांधी साड़ियां



हरिभूमि न्यूज ⏭ दीवानगंज

ग्रामीण अंचलों में बढ़ते जंगली जानवरों के खतरे और प्राकृतिक आपदाओं से अपनी मेहनत की फसल बचाने किसानों ने अनूठा और देसी जुगाड़ अपनाया है। किसानों ने खेतों के चारों ओर पुरानी साड़ियां बांधकर सुरक्षा घेरा तैयार किया है, जिससे जानवर खेतों में घुसने से डर रहे हैं।

किसानों का कहना है कि साड़ी हवा में लहराने से जानवरों को इंसानों की मौजूदगी का आभास होता है, जिससे वे खेत के पास नहीं आते। साथ ही तेज हवा, ओलावृष्टि और हल्की प्राकृतिक आपदा के दौरान भी फसल को कुछ हद तक बचाव मिल रहा है।

### बिजली बिल वसूली के दौरान कर्मचारियों पर हुआ था जानलेवा हमला

## बिजली कर्मचारियों ने एसडीओपी को सौंपा ज्ञापन, आरोपियों पर कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी

बकाया बिजली बिल वसूली के दौरान बिजली विभाग के कर्मचारियों पर जानलेवा हमले का गंभीर मामला सामने आया है। घटना को 4 दिन बीतने के बाद भी पुलिस द्वारा कार्रवाई नहीं करने से कर्मचारियों ने एसडीओपी को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की हैं।

ज्ञापन में उल्लेख किया है कि बीती 31 जनवरी को बिजली विभाग के कर्मी सिलवानी में बकायादारों से लंबित बिजली बिल जमा कराने की कार्रवाई कर रहे थे। इसी क्रम में प्रीतम शेजवार के नाम दर्ज विद्युत कनेक्शन पर बकाया राशि होने से कनेक्शन काट दिया। कार्रवाई से नाराज होकर प्रीतम शेजवार के पुत्र सुमित उर्फ सोनू शेजवार एवं मोनू शेजवार ने कर्मचारियों के साथ अभद्र व्यवहार करते हुए शासकीय कार्य में बाधा डाली।



### कोहरे से वाहन चालक हुए परेशान

## फिर लौटी ठंड...मावठे की बारिश से छाया घना कोहरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दीवानगंज

» मौसम वैज्ञानिकों ने आगामी दिनों में ठंड बढ़ने की दी संभावना

क्षेत्र के अंबाडी, सेमरा, नरखेड़ा, जमुनिया, निनोद, बरजोरपुर, सरार, कयामपुर, संग्रामपुर, करैया, गीदगढ़ सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों में सोमवार-मंगलवार की रात में मावठा गिरने के साथ ही इलाके में घना कोहरा छा गया, जिससे ठंड में इजाफा दर्ज किया गया।

कोहरे के कारण सुबह के समय दृश्यता कम होने से वाहन चालकों को खासा परेशानी का सामना करना पड़ा। भोपाल विदिशा हाईवे 18 से निकलने वाले वाहन चालकों को अपनी हेडलाइट जलाकर धीमी गति से चलना पड़ा। तीन दिन पहले रिमझिम बारिश होने के बाद से ही मौसम में नमी बनी हुई थी, जिसके चलते अब मावट और कोहरे का असर देखने को मिल रहा है। ठंडी हवाओं के साथ गलन बढ़ गई है, जिससे जनजीवन प्रभावित हुआ है।



सुबह खेतों और सड़कों पर कोहरे की चादर नजर आई। वहीं ठंड बढ़ने से लोग देर तक अलाव तापते दिखाई दिए। आगामी दिनों में ठंड व कोहरा रहने की संभावना है।

### शिव-साधना और कला का दिव्य संगम


## महाशिवरात्रि पर भोजपुर में होगा 'महादेव महोत्सव'

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

» सुप्रसिद्ध भजन गायक लखबीर सिंह लक्खा देंगे भजनों की प्रस्तुति

महाशिवरात्रि पर्व पर ऐतिहासिक भोजपुर शिव मंदिर प्रांगण में तीन दिवसीय 'महादेव भोजपुर महोत्सव' का आयोजन 15 से 17 फरवरी तक शाम 6.30 बजे से किया जाएगा। प्रशासन के सहयोग से आयोजित यह महोत्सव शिव-शक्ति, लोकपरंपरा और सांस्कृतिक चेतना का भव्य उत्सव होगा।

महोत्सव के पहले दिन 15 फरवरी को सागर के ऋषि विश्वकर्मा द्वारा प्रस्तुत लोकगायन से कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। इसके पश्चात सागर के उमेश नामदेव द्वारा प्रस्तुत बधाई एवं बरेदी लोकनृत्य में लोक जीवन की जीवंत छवियां साकार होंगी। सुप्रसिद्ध भजन गायक लखबीर सिंह लक्खा का भक्ति गायन होगा, जो श्रद्धालुओं को शिवभक्ति में लीन कर देगा।



दूसरे दिन भोपाल की शीला त्रिपाठी द्वारा लोकगायन की प्रस्तुति दी जाएगी। इसके उपरांत मुंबई की भावना शाह एवं साथी कलाकारों द्वारा शिव महिमा पर आधारित नृत्य-नाटिका का मंचन किया जाएगा।

### उत्पादन बढ़ाने किया जागरूक

## कृषक कल्याण वर्ष के बाइक रैली को दिखाई हरी झंडी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

» नगर के प्रमुख मार्गो से होती हुई कृषि उपज मंडी पहुंची बाइक रैली

राज्य शासन द्वारा वर्ष 2026 को कृषक कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। इसके लिए किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग द्वारा विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।

इसी कड़ी में मंगलवार को कृषि विभाग द्वारा बाइक रैली आयोजित की गई, जिसे जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत मीणा तथा अपर कलेक्टर मनोज उपाध्याय द्वारा कलेक्ट्रेट कार्यालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

यह वाहन रैली कलेक्ट्रेट से प्रारंभ होकर नगर में मुख्य मार्ग से होते हुए कृषि उपज मंडी पहुंची। वाहन रैली से किसानों को खेती की नई तकनीकों से फसलों का उत्पादन बढ़ाने के लिए जागरूक किया गया। वाहन रैली में किसान और कृषि विभाग के अधिकारी-कर्मचारी सम्मिलित हुए।



इस अवसर पर उप संचालक कृषि केपी भगत, सहायक संचालक दुष्यंत कुमार धाकड़ सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### सिद्धेश्वरी पेट्रोल टैंक के पास की घटना

## दो ट्रकों की आमने-सामने से हुई टक्कर, टला हादसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सलामतपुर

» दोनों वाहनों के चालकों ने आपसी सहमति से कर लिया समझौता

भोपाल विदिशा हाइवे पर आए दिन होने वाले हादसों के कारण आम जनता और राहगीर भी परेशान हैं। ऐसे ही एक मामले में देर रात ट्रक और ट्राले की टक्कर हो गई। गनीमत रही कि कोई जनहानी नहीं हुई।

वहीं दोनों ही छतिग्रस्त वाहन हाइवे पर होने के कारण कुछ समय के लिये जाम के हालात भी बने। सलामतपुर थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी ने मौके पर पहुंचकर यातायात को सुचारू रूप से शुरू कराया। टक्कर से दोनों वाहन बुरी तरह से छतिग्रस्त हो गए।

जानकारी अनुसार बीती देर रात ट्राला आरजे 09 जीसी 2069 और ट्रक एमपी 09 एचएच 7616 की आमने सामने टक्कर हो गई।



ड्राइवरों ने समय रहते कूदकर अपनी जान बचा ली। वहीं दोनों ही वाहनों के मालिकों ने आपसी सहमति से समझौता कर दिया। इसलिए पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की।

### नपा में ग्राम कामतौन, धोखेड़ा और सुल्तानपुर खेड़ा हुए सम्मिलित

## बरेली नप से बनी नगर पालिका, अधिसूचना जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

» वर्ष 1980 तक बरेली नगर पालिका ही हुआ करती थी, परन्तु जनसंख्या सहित अन्य नियमों के कारण लगभग 40-45 वर्षो तक नगर परिषद बनी रही।

लंबे समय से बरेली को नगर परिषद के स्थान पर नगर पालिका बनाने की मांग चल रही है। मध्य प्रदेश के राजपत्र 23 जनवरी 2026 को अधिसूचना प्रकाशित हो जाने से अब बरेली को नगर पालिका का गौरव प्राप्त होगा। 1980 तक बरेली नगर पालिका ही हुआ करती थी। परन्तु जनसंख्या सहित अन्य नियमों के कारण लगभग 40-45 वर्षो तक नगर परिषद बनी रही।

न.प. को नगर पालिका बनाने का दर्जा दिलाने में क्षेत्र के विधायक राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटैल की सक्रिय विशेष भूमिका रही। नगर के निवासियों भाजपा कार्यकर्ताओं व्यापारियों में भारी हर्ष बना हुआ है।

2011 की जनगणना के अनुसार बरेली की जनसंख्या 34663 है। ग्राम धोखेड़ा की 4543, ग्राम कामतौन की जनसंख्या 7000 है, एवं सुल्तानपुर खेड़ा की जनसंख्या 1200 है। जो घोघरा नदी के उसपार चैनपुर रोड पर बसा हुआ है। इन सभी के बरेली में मिल जाने से जनसंख्या 50 हजार के लगभग हो जाएगी। बरेली के साथ अब ग्राम कामतौन का 1019 हेक्टर, ग्राम धोखेडा का 335.549 हेक्टर और सुल्तानपुर खेड़ा का 276.299 हेक्टर क्षेत्रफल बरेली नगर की सीमा में सम्मिलित होगा। नगर के साथ सम्मिलित हुए ग्राम कामतौन, धोखेड़ा, सुल्तानपुर खेड़ा का भी तीव्र गति से विकास होने के साथ जमीनों की कीमतें भी तेजी से बढ़ेगी।




### सुनियोजित होगा विकास

बरेली को नगर पालिका का दर्जा मिलने के बाद नगर विकास का खाका, मास्टर प्लान बना कर सुनियोजित ढंग से विकास होगा। नई कालौनिया बनेगी, बाजार विकसित होगें। साप्ताहिक हाट, पार्किंग, बस स्टेंड बनेगा। रोजगार के नए अवसर भी बढेगें।

नप अध्यक्ष हेमंतराज भैया चौधरी ने बताया कि नगर पालिका बनने से शामिल ग्रामों का भी समुचित विकास होगा। केन्द्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ भी मिलेगा। नगर पालिका बनाए जाने पर हम आभारी है।

## विवाहों के साथ मांगलिक कार्यों की शुरूआत, शहनाईयों की रहेगी गूंज

### एक तिथि में अनेक विवाह लग्न होने से मची भाग दौड़



हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

» शादी-विवाह के चलते खरीदारों से बाजार रहेंगे गुलजार, जमकर होगी खरीदी

» 17 मई से 15 जून तक जेठ का अधिक मास होने से बंद रहेंगे मांगलिक कार्य

2 फरवरी से शुभ के उदय होने के साथ विवाह, बारातों, ढोल-बाजों का दौर और हो गया है। जो 22 जुलाई 26 तक जारी रहेगा। फरवरी से जुलाई के बीच 19 से 26 मार्च तक विवाह मुहुर्त नहीं होने और 17 मई से 15 जून तक जेठ का अधिक मास होने के कारण मांगलिक कार्य वर्जित रहेगें।

इस वर्ष फूलेरा इन 19 फरवरी अक्षय तृतीया 19 अप्रैल और भड़ली नवमी 22 जुलाई को अबूच मुहुर्त में विवाहों कि अधिकता रहने की सम्भावना है। फरवरी माह में 3, 4, 5, 12, 13, 15, 19, 21 को शुभ विवाह लग्न मुहुर्त है।

मार्च में 6,9,10,11 और अप्रैल माह में 20,21,25,25,29,30 मई में 5 से 10 एवं 13 को शुभ मुहुर्त है। जून में 21 से 27 और 22, को विवाह लग्न में विवाह बरातों की नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में अधिकता रहने की संभावना है।

### जमकर होगा व्यापार

विवाह का सीजन शुरू होने का दुकानदार बेसब्री से इंतजार करते है। किराना, कपड़ा, मनिहारी के साथ घरेलु सामग्री की दान-दहेज के लिए जमकर बिक्री होती है। मार्च में फसलों बिक्री के बाद किसानों के पास राशि आने से विवाह कार्यक्रमों पर जमकर खर्च किया जाता है।